लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



# नैक मूल्यांकन में एसएमएस लखनऊ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रबन्धन** तथा प्रौद्योगिक शिक्षा में नित नये कीर्तिमान बनाने वाले स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा बी प्लस प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित पत्रकार-वार्ता में संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने दी। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा संस्थान को 0-4 प्वाइंट स्केल पर 2.80 अंक प्रदान किये गये। एसएमएस को नैक द्वारा यह ग्रेडिंग प्रथम चरण में ही प्रदान की गयी, जो अपने आप में विशिष्ट तथा सराहनीय है।

श्री सिंह ने यह भी बताया कि 11, 12 व 13 सितम्बर, 2017 को नैक पियर टीम द्वारा संस्थान का भ्रमण/निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसका परीक्षण राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् की 28वीं स्थायी समिति द्वारा 30 अक्टूबर, 2017 को आयोजित बैठक में किया गया। नैक द्वारा कुल 24 विश्वविद्यालयों तथा 279 महाविद्यालयों मूल्यांकन किया जाना था, जिनमें से उत्तर प्रदेश के 50 महाविद्यालयों को अलग-अलग ग्रेडिंग दी गयी है।

उत्तर प्रदेश के इन 50 शिक्षण संस्थानों में से 13 संस्थान ऐसे हैं जो या तो प्रबन्धन क्षेत्र में अथवा इंजीनियरिंग क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करते हैं। उनमें से 9 संस्थान ऐसे हैं जो केवल प्रबन्धन क्षेत्र में ही शिक्षा देते हैं। शेष मात्र 4 संस्थान ऐसे हैं जो प्रबन्धन तथा इंजीनियरिंग दोनों विषयों में शिक्षा प्रदान करते हैं, एसएमएस लखनऊ इन विशिष्ट 4 संस्थानों में से एक है तथा पूरे लखनऊ क्षेत्र से एकलौता संस्थान है जिसे नैक द्वारा बी प्लस प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। श्री शरद सिंह द्वारा यह बताया गया कि एसएमएस लखनऊ को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा अध्ययन-अध्यापन, पाठ्यक्रम, अवस्थापना सुविधा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, नये प्रयोग, प्लेसमेंट, शोध, शैक्षिक गुणवत्ता एवं बेहतरीन कार्यप्रणाली आदि बिन्दुओं पर परीक्षणोपरान्त ग्रेडिंग प्रदान की गयी है।